-गुब्बारा छोड़कर पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश , नागरिकों को अधिक से अधिक पौधे रोपित कर सुरक्षित एवं संरक्षित रखने भिलाई निगम की अपील

भिलाई नगर/ नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र अंतर्गत राधिका नगर एसएलआरएम सेंटर में आज विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर महापौर नीरज पाल , निगम आयुक्त लक्ष्मण तिवारी , जिला अध्यक्ष मुकेश चंद्राकर , महापौर परिषद की सदस्य तथा उद्यान एवं पर्यावरण विभाग की प्रभारी नेहा साहू, एमआईसी मेंबर संदीप निरंकारी, आदित्य सिंह, केशव चौबे, चंद्रशेखर गवई, मालती ठाकुर, पार्षद उमेश साहू, दिनशा तुमाने, अली हुसैन सिद्दिकी तथा नागरिकों ने गुलमोहर, महानीम, कदंब, बादाम, स्टोपीडिया एवं ताबुदियारोजा, जामुन, करंज जैसे किस्मों के पौधे रोपित किए। पौधे रोपित करने के साथ ही इसके सुरक्षा एवं संरक्षण का संकल्प लिया गया। इस दौरान गुब्बारा छोड़कर पर्यावरण संरक्षण तथा अधिक से अधिक पौधे रोपित करने तथा इसे सुरक्षित रखने की अवधारणा के साथ इसका संदेश प्रसारित किया गया। महापौर नीरज पाल ने विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर निगम के अधिकारियों से कहा कि बारिश आते ही रिक्त स्थानों पर पौधे रोपित कर इसे सुरक्षित रखने का प्रयास करें। उन्होंने कहा कि यह एक अच्छा मौका है जब आज हम बारिश से पूर्व वृक्षारोपण की दिशा में आगे बढ़ने के लिए तैयार हो जाते हैं और वर्षा ऋतु आते ही वृक्षारोपण कर पाते हैं। निगम आयुक्त लक्ष्मण तिवारी ने कहा कि पौधे लगाने के साथ ही इसकी देखभाल और सुरक्षा की जिम्मेदारी बढ़ जाती है, इस ओर विशेष ध्यान देकर पौधे को जीवित रखने का प्रयास करें। पर्यावरण एवं उद्यान विभाग की प्रभारी नेहा साहू ने सभी को विश्व पर्यावरण दिवस की बधाई देते हुए कहा कि आज के युग में जहां कोविड काल में ऑक्सीजन की जरूरत महसूस हुई थी , इसको देखते हुए भिलाई वासियों को पौधारोपण करने की दिशा में आगे बढ़ने की आवश्यकता है।